<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का नामी कम्पनी में चयन</u>

पंतनगर। 13 जून 2026। विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के माध्यम से मैसर्स लॉन्चड ग्लोबल लिमिटेड कम्पनी द्वारा साक्षात्कार के आधार पर विश्वविद्यालय के दो विद्यार्थियों क्रमशः महक शर्मा (बी.टेक कम्प्यूटर इंजीनियरिंग) एवं वैष्णवी (बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग) का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के उपरांत लगभग रु. 5 से रू. 7 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज के साथ अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति डा. शिवेन्द्र कुमार कश्यप ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासो की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक डा. एम.एस. नेगी ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी व चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये बताया कि पूर्व की भविष्य में भी निदेशालय अन्य क्षेत्रों में भी विद्यार्थियों के सेवायोजन हेतु प्रयासरत रहेगा।